वृक्षारोपण कार्यक्रम

कोटपूतली। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर सेवा सप्ताह के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सेवा सप्ताह के रूप में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार बंसल के नेतृत्व में सरस्वती आदर्श बालिका विद्या मंदिर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पेड़-पौधे लगाये गये। कार्यकर्ताओं ने वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी एवं उनके आदर्शों का स्मरण किया। प्रधानाचार्य मुरलीराम गुर्जर ने अटल बिहारी वाजपेयी के सशक्त, समृद्ध व आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में उनके योगदान को स्मरण करते हुये कहा कि उनका सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा को समर्पित रहा। भाजपा जिला उपाध्यक्ष जयराम गुर्जर ने वाजपेयी की विदेश नीति, परमाणु परीक्षण और मजबूत नेतृत्व क्षमता की चर्चा करते हुये कहा कि पोखरण परीक्षण के माध्यम से उन्होंने भारत को परमाणु संपन्न राष्ट्रों की श्रेणी में प्रतिष्ठित किया, जिसकी गूंज पूरे विष्व में सुनाई दी।

खेल प्रतियोगिता सम्पन्न

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। बार एसोसिएशन की और से कोर्ट परिसर में आयोज्य तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। अध्यक्ष रूपेश शर्मा ने बताया की एडवोकेटप्रमोद शर्मा, रविकांत शर्मा, सुरेश गोडेश्वर, दीपक खटाना की देखरेख में आयोजित केरिम बोर्ड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दिव्या बागड़ा व काजल शोभानी, द्वितीय रेणु शर्मा व अजीता रही। लूडो में प्रथम स्थान पर सीमा वैष्णव व द्वितीय वर्षा शर्मा व तृतीय संगीता वैष्णव रही। कुर्सी दौड़ में प्रथम स्थान पर कोमल कुमावत, द्वितीय सलोना अगरवाल रही। पुरुष वर्ग केरिम बोर्ड में प्रथम स्थान पर मुकेश टीकर, द्वितीय गोवर्धन सिंह राठौड़ व तृतीय प्रमोद शर्मा एवं पियूष धाभाई बराबर रहे। शतरंज में प्रथम स्थान पर हंसराज बाकोलिया, द्वितीय सुरेश गोडेश्वर व तृतीय स्थान पर शिवा पवार रहे। शतरंज रेफरी किशोरीलाल ने सहयोग किया। इस दौरान एडवोकेट रविकांत शर्मा, पियूष धाभाई, रामसिंह मीणा, कोमल कुमावत सहित कईअधिवक्ता उपस्थित रहे।

नियमित परीक्षार्थियों की परीक्षा मंगलवार से

कोटपूतली। राजकीय एलबीएस पी जी महाविद्यालय के स्नातक भूगोल विषय के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के नियमित परीक्षार्थियों की परीक्षा मंगलवार 19 अगस्त से प्रारम्भ होगी। विज्ञान संकाय के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के नियमित परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा 21 अगस्त से होना प्रस्तावित है। संबंधित विद्यार्थी महाविद्यालयधविभाग के सूचना पट्ट पर अपनी प्रायोगिक परीक्षा का बैच नम्बर, दिनांक एवं समय देखकर प्रायोगिक परीक्षा के समय उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

खोया पाया

मेरा नाम विजय कुमार जैन पुत्र श्री निर्मल कुमार जैन प्रो. जैना स्टील कॉरपोरेशन जयपुर निवासी फ्लैट नं. 304 पर्ल अवन्तिका सी स्कीम महावीर मार्ग जयपुर का रहने वाला हूँ। मेरे प्लॉट नं. 69 व 98 एवं 302 है। जो कि प्रत्येक 200 गज है। जो रामेश्वर धाम-एन, ग्राम दादनपुरा तह. चाकसू जिला जयपुर में स्थित है। जिसके मूल कागजात (रजिस्ट्री) कहीं रास्ते में गुम हो गये है। अतः किसी को भी मिले तो निम्न नम्बरों पर संपर्क करें। मो. 9829013277, 930901114

मेरे मकान 1/939 मालवीय नगर जयपुर का मूल नियमितीकरण एवं अदैय प्रमाण पत्र संख्या-2514 दिनांकित 06.01.1994, मालवीय नगर में कहीं गिर गए है। मिलने पर सूचित करें-नीलम-7414806738

मेरे मकान नंबर 7-ट-10, जवाहर नगर जयपुर का मूल कब्जापत्र एवं अदैय प्रमाण पत्र जवाहर नगर में कहीं गिर गए हैं। मिलने पर सूचित करें-प्रीति-8107504789

हमारे भूखण्ड सं. B-1 से B-5 एवं B-24 से B-29 तक अमृतपुरी गृ नि.स. समिति की योजना गणपति नगर विस्तार गोल्यावास के मूल कागजात का बेग गुम हो गया जिसे भी मिले इस पते पर लौटाए रणवीर सिंह C-124 डॉ राजेन्द्र प्रसाद नगर जयपुर-9829062194

आवास संख्या 4/117 का मूल कब्जा पत्र गिर/गुम हो गया है मिलने पर सूचित करें-संजय गुप्ता-9649216000

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

अलवर कला कॉलेज में डॉ. अंबेडकर की खंडित प्रतिमा का विरोध

अलवर । अलवर शहर के बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय में डॉ. भीमराव अंबेडकर की खंडित प्रतिमा का विरोध प्रदर्शन करते समय पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष ने खुद की हथेली पर कट लगा कर दीवार पर खून से जय भीम लिख दिया । कॉलेज परिसर में पिछले एक साल से प्रतिमा खंडित है। नई प्रतिमा लगाने की मांग करते हुए छात्रों ने प्रदर्शन किया।

पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सुदीप डीगवाल ने बताया कि सुबह छात्रों ने जब प्रतिमा को देखा तो कॉलेज प्रशासन को जानकारी दी। इसके बाद बड़ी संख्या में विद्यार्थी आट्र्स कॉलेज के अंदर जमा हो गए और नारेबाजी शुरू कर दी। छात्रों की मांग है कि अब खंडित प्रतिमा की जगह अष्टधातु की नई प्रतिमा लगाई जाए। उनका कहना है कि अगर कॉलेज प्रशासन और शासन-प्रशासन ने जल्द ही नई प्रतिमा स्थापित नहीं की तो गांव-गांव से युवा आकर बड़ा आंदोलन करेंगे। 2020 में यह प्रतिमा रातोंरात लगी थी। तब पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सुदीप डीगवाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। जेल भी जाना पड़ा था। अब उसी छात्र

अलवर शहर के बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय में डॉ. भीमराव अंबेडकर की खंडित प्रतिमा का विरोध प्रदर्शन किया।

नेता ने अपने खून से जय भीम लिखा और खंडित प्रतिमा को तुरंत बदलवाने की प्रशासन से मांग की।कला कॉलेज में डॉ भीमराव अंबेडकर की ये प्रतिमा खंडित है। बाएं हाथ पर दरार है। यह प्रतिमा 10 जून 2020 को अचानक रात को लगाई गई थी। उस समय प्रतिमा लगाने के बाद पूर्व छांत्रसंघ अध्यक्ष को गिरफ्तार भी किया गया था। उनको जेल भी जाना पड़ा था। अब उसी छात्र नेता ने अपने खून से जय भीम लिखा और प्रशासन से अष्टधातु प्रतिमा लगाने की मांग की है।

कला कॉलेज में डॉ भीमराव अंबेडकर की ये प्रतिमा खंडित है। बाएं

- पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष ने हथेली काट ली खून से लिखा जय भीम

हाथ पर दरार है। यह प्रतिमा 10 जून 2020 को अचानक रात को लगाई गई थी। उस समय प्रतिमा लगाने के बाद पूर्व छांत्रसंघ अध्यक्ष को गिरफ्तार भी किया गया था। उनको जेल भी जाना पड़ा था। अब उसी छात्र नेता ने अपने खून से जय भीम लिखा और प्रशासन से अष्टधातु प्रतिमा लगाने की मांग की है।

इसी बीच पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष सुदीप डिग्वाल ने अचानक प्रतिमा के नीचे जाकर अपनी हथेली पर ब्लेड से बड़ कट लगा लिया और खून से प्रतिमा के नीचे जय भीम लिखकर विरोध दर्ज कराया। छात्रों ने इसे बाबा साहब के सम्मान की लड़ाई बताया।

छात्रों ने चेतावनी दी है कि उनकी मांग पूरी नहीं होने पर बड़ा आंदोलन होगा। फिलहाल कॉलेज प्रशासन ने उच्च अधिकारियों को पूरे मामले से अवगत करा दिया है ।

मंदिरों में सजीव झांकियां सजी

पावटा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर कस्बे के मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया गया। भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमाओं को सुंदर वस्त्र पहनाकर श्रृंगार किया गया तथा लाइटिंग व फूलों से भव्य सजावट की गई।

शाम ढलते ही कृष्ण-कन्हैया के भजन पूरे कस्बे में गूंजने लगे। कस्बे के गोपाल भैया मंदिर, भूतनाथ जोहड़ा धाम, मुरलीधर मंदिर, सीताराम मंदिर, रानी सती मंदिर, हखडेत हनुमान मंदिर, नरसिंह मंदिर सहित अन्य प्रमुख स्थलों पर विशेष साज-सज्जा की गई और भगवान श्री कृष्ण व भगवान भोले नाथ, रामदरबार की सजीव झांकियों का सुंदर चित्रण किया गया।

घर-घर में भी भक्तों ने श्रीकृष्ण की प्रतिमाओं का श्रृंगार कर झांकियां सजाईं। रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण का जन्म होते ही मंदिरों में महाआरती का आयोजन हुआ और प्रसाद वितरण किया गया।

सेवादल से जुड़ने वाले लोगों से मुलाकात

अलवर । पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के निर्देशन में राजस्थान प्रदेश काँठोस सेवादल के संगठन सृजन अभियान के तहत प्रदेश कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष हेमसिंह शेखावत जी एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष योगेश मिश्रा द्वारा जो सेवादल संगठन से जुड़ने वाले इच्छुक लोगों से मुलाकात की।

कांग्रेस प्रवक्ता रिपु दमन गुप्ता ने बताया कि मौजपुर हॉउस पर सेवादल संगठन में जुड़ने के इच्छुक लोगों का सेवादल प्रदेशाध्यक्ष हेम सिंह शेखावत एवं कांठोस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने संगठन को लेकर साक्षात्कार लेकर बॉयोडाटा लिया।

उन्होंने संगठन को ओर अधिक सशक्त करने के उद्देश्य से समन्वयको की नियुक्ति की, तिजारा में राजेश कृष्ण सिद्ध, किशनगढ़ में डालचंद व जी. एस. नरुका, मुंडावर में धर्मपाल यादव व पुष्पेंद्र कुमार, अलवर शहर में मोहित जैन व तरुण शर्मा, अलवर ठामीण में जमशेद खान व रहमत खान, रामगढ़ में नवीन शर्मा, राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ में जसवंत यादव, थानागाजी में फूलचंद शर्मा व अनवर साजिद खान, कठूमर में हुकुम सिंह को नियुक्त किया है।

हेमसिंह शेखावत एवं योगेश मिश्रा ने सभी समन्वयकों को अपने-अपने प्रभार वाले विधानसभा क्षेत्र में जाकर विधायक, विधायक प्रत्याशी, वरिष्ठ

उत्तराखण्ड में भोनावास का जवान लापता

पावटा। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के धराली गांव में 5 अगस्त 2025 को बादल फटने की भीषण घटना ने भारी तबाही मचाई। इस प्राकृतिक आपदा में कोटपुतली बहरोड़ जिले के ठााम भोनावास का जवान भीम सिंह पुत्र महेश सिंह लापता है। जवान भीम सिंह सिंह भारतीय सेना की राजपूताना राइफल्स में तैनाती के दौरान 5 अगस्त के बाद से लापता है। पूरा परिवार चिंतित है और जवान की सूचना का इंतजार कर रहा है। इस हादसे में लापता जवान के माता-पिता, भाई सहित पूरा परिवार चिंतित है। जवान भीम सिंह की मां विनोद कंवर हाथों में बेटे की तस्वीर लिए पूरे दिन घर के मुख्य दरवाजे पर नजर गड़ाए ही बैठी हैं। पिछले 12 दिन से गांव में शांति छाई हुई है। गांव में जवान भीम सिंह के घर पर परिजनों को ढांढस बधाने के लिए दिनभर लोगों का ताता लगा रहता है। मां रो-रोकर बुरा हाल है। बूढ़ी मां का रो रोकर बुरा हाल है उसे इंतजार है कि कब अपने लाल की सुखद खबर आए। वही सरपंच प्रतिनिधि संदीप सिंह, हवलदार बृजपाल सिंह,मोनू, अजय सिंह सहित ठामीणों ने एकत्रित होकर सांसद राव राजेंद्र सिंह से जवान को सकुशल ढूंढ कर जल्दी वापस लाने की गुहार लगाई है।

टैक्नीशियन कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

टैक्नीशियन कर्मचारियों ने जांचों के निजीकरण पर पुनर्विचार कर निरस्त करवाने की मांग को लेकर अति. जिला कलेक्टर रामरतन सोंकरिया को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है।

टोंक। अखिल राजस्थान लैबोरेट्री टैक्नीशियन कर्मचारी संघ टोंक के जिलाध्यक्ष भंवरलाल जाट के नेतृत्व में तत्वाधान में टैक्नीशियन कर्मचारियों ने जांचों के निजीकरण पर पुनर्विचार कर इसे निरस्त करवाने की मांग को लेकर अति. जिला कलेक्टर रामरतन सोंकरिया को मुख्यमंत्री एवं चिकित्सा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में बताया कि हब एंड स्पोक मॉडल के अंतर्गत जनता को अधिक जांचों की उपलब्धता हेतु सरकार द्वारा निजीकरण के आदेश जारी किए गए हैं, लेकिन पीएचसी से लेकर सीएचसी व कई चिकित्सालयों में अनेकों ऐसी जांचे हैं, जिनके लिए सुपर स्पेशलिटी चिकित्सक तक नही है। ज्ञापन में बताया कि वर्तमान में प्रदेश भर के लैब टेक्नीशियन जांच रिपोर्ट समय पर उपलब्ध करा रहे हैं, जांचों के निजीकरण (हब एंड स्पोक मॉडल) में देने से जांच कराने के बावजूद भी मरीज को इलाज हेतु अनावश्यक रूप से परेशानी का सामना ही करना पड़ेगा। उन्होने बताया कि सरकार की एमएनजेवाई योजना में वृद्धि की जगह हब एंड स्पोक मॉडल में जांचों में दो से तीन गुना वृद्धि होने से उल्टा राज्य सरकार पर ही आर्थिक भार बढ़ेगा जिसका सीधा असर जनता और सरकार पर पड़ेगा।

आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं

भीलवाड़ा । खाकुल देव मंदिर पुजारी के साथ मारपीट के आरोपियों की गिरफ्तारी ना होने से नाराज लोग सड़कों पर उतर आए। आसींद कस्बे के मुख्य बाजारों में सैकड़ो की संख्या में उपस्थित लोग कर नारेबाजी कर रहे हैं। यहां से आगे निकल कर उपखंड कार्यालय के बाहर पहुँच कर जनसभा करेंगे। सामाजिक कार्यकर्ता संदीप चावला ने बताया कि अगर आरोपियों की समय रहते गिरफ्तारी नहीं होगी तो आसींद कस्बे को बंद किया जाएगा और उपखंड कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन कारी लोग फिर आसींद उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देंगे। गौरतलब है कि दो दिन पूर्व

संजय घीया अध्यक्ष बने

ब्यावर (निसं) श्री खंडेलवाल वैश्य संस्थान के सत्र 2025-2027 के द्विवार्षिक चुनाव व साधारण बैठक खंडेलवाल समाज भवन में रविवार को आयोजित हुई। जिसमें संजय घीया को सर्वसम्मति से अध्यक्ष, राकेश जी कूलवाल को मंत्री के रूप में चुना गया।

दोनों नवीन पदाधिकारियो ने प्रकाश मेठी को कोषाध्यक्ष के रूप में चुना।बैठक का शुभारंभ संत सुंदरदास , संत बलराम दास और सरस्वती माता के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात गायत्री मंत्र के उपरांत समाज के कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं यथा बजट आदि पर चर्चा हुई।निवर्तमान अध्यक्ष नितिन बड़गोती ने पूरी कार्यकारिणी व समाज को गत दो वर्षों में उनके कार्यकाल के दौरान हुए सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। निवर्तमान मंत्री प्रशांत पाबूवाल ने बैठक का संचालन किया। सभी उपस्थित सदस्यों की सहमति से समाज बंधुओ ने एक और संरक्षक के रूप में राधाकृष्ण जी टोडवाल के नाम के प्रस्ताव का अनुमोदन किया, पूर्व में संरक्षक ओमप्रकाश घीया भी वरिष्ठ संरक्षक के रूप में रहेंगे।साधारण बैठक में सत्यनारायण दुसाद, नितेश कूलवाल, ओमप्रकाश कूलवाल, कपिल बड़गोती, विपुल मामोड़िया, राधेश्याम आमेरिया, श्याम सुंदर डंगायच,राजेंद्र बड़ागोती, अमित कूलवाल, संदीप कूलवाल, अनुज दुसाद, ज्योति प्रकाश बूसर, गोविंद बिहारी कूलवाल, कृष्णगोपाल कूलवाल, रामनिवास कूलवाल, सुदेश खूंटेटा आदि उपस्थित रहे। नवीन पदाधिकारियों को उपर्णा व माला पहनाकर स्वागत किया गया।

टीमों का सर्वे जारी

भीलवाड़ा । राजनीतिक चंदे के मामले में भीलवाड़ा में लगातार आयकर टीमों का सर्वे जारी है। अब एक और टैक्स प्रेक्टिशनगर आयकर के रडार पर आ गया है। सोमवार सुबह चंद्रशेखर आजाद नगर में भागचंद बाकलीवाल के आवास पर टीम पहुंची और कार्यवाही शुरू की। दोपहर तक भी टीम की ओर से कार्यवाही जारी रही। दरअसल जयपुर से आयकर की टीम भीलवाड़ा पहुंची और अपना सर्वे कार्य शुरू किया। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई भी बोगस क्लेम और राजनीतिक चंदे को लेकर की जा रही है। भीलवाड़ा इन दिनों वैसे भी बोगस क्लेम और राजनीतिक चंदे में फर्जीवाड़े

लहरिया महोत्सव मनाया

मदनगंज-किशनगढ (निस)। वैष्णव महिला मण्डल द्वारा आजाद नगर स्थित वैष्णव समाज भवन में लहरिया महोत्सव उल्लास के साथ मनाया गया। अध्यक्ष आशा वैष्णव ने बताया की नृत्य संगीत व सुमधुर भजनो के बिच आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कशिश चतुर्भुजा, द्वितीय मानवी टिलावत, तृतीय वैशाली सुरसुरानंदी रही। चिरमी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर विमला लालतुरंगी, द्वितीय गीता दिवाकर, तृतीय शतरूपा चित्रानागा रही। कुर्सी दौड़ में प्रथम उर्मिला टिलावत, द्वितीय चंपा घमंडी, तृतीय सुनीता दिवाकर रही। लहरिया बणी ठणी में प्रथम ज्योति पीपावत, द्वितीय कविता श्याम दामोदरी, तृतीय संगीता दिवाकर रही। एकल नृत्य में प्रथम भव्य टिलावत, द्वितीय ज्योति वैष्णव, तृतीय अवंतिका श्यामदामोदरी रही। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर हौसला बढ़ाया। वयोंवृद्ध लादी टिलावत बुहारु, भगवती घमंडी, गीता देवमुरारी, गीता दिवाकर, सावित्री चित्रानागा, सुवा रामरावली, दुर्गा दिवाकर व रुकमा हरिव्यासी का भी सम्मान किया। अध्यक्ष आशा वैष्णव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

गोवंश के लिए जान का जोखिम बना अस्थाई डंपिंग यार्ड

पावटा। पावटा प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र में कस्बा पावटा गोपाल भैया मंदिर के पीछे नदी बहाव क्षेत्र में स्थित नगरपालिका का अस्थाई डम्पिंग यार्ड जरूरी व्यवस्थाओं के अभाव में एक

- डंपिंग यार्ड में गंदगी एवं कचरा डालने से रोका
- पालिका क्षेत्र में जगह-जगह कचरों के ढेर, बीमारियां फैलने का भी अंदेशा

तरफ गोवंश के लिए जानलेवा स्थान बना हुआ है तो दूसरी ओर क्षेत्र में बसने वाली आबादी के लिए सांस का संकट। पालिका क्षेत्र सहित आस पास गांवों का कूड़ा-करकट और मृत पशु एवं अपशिष्ट तक यहां लाकर डाल दिए जाते हैं। पावटा कस्बा जैसी पुरानी विरासत क्षेत्र में यह अस्थाई डम्पिंग यार्ड जिम्मेदारों की अनदेखी की ज्वलंत मिसाल बन गया है। जहां तक नजर जाती है, बेशुमार प्लास्टिक, मृत पशुओं के शव, खाद्य

गौ रक्षकों व ग्रामीणों ने कचरे की गाड़ियों को वापस लौटाया।

पदार्थों का अपशिष्ट ही दिखता है। दुर्गंध इतनी तीक्ष्ण कि, सांस लेना भी मुश्किल होता है। यहां दिनभर गोवंश मंडराता रहता है। वे प्लास्टिक, होटलों आदि का बचा हुआ बासी भोजन और मृत पशुओं के अवशेष खाकर बीमार हो रहे हैं और काल के गाल में भी समा रहे हैं। इस यार्ड की हालत लंबे समय से बदतर है। यहां चारदीवारी, गेट और निगरानी जैसी बुनियादी व्यवस्थाएं तक नहीं हैं। डम्पिंग यार्ड में शहर क्षेत्र से मृत पशु भी लाकर खुले में डाल दिए जाते हैं। इनकी सड़न से आसपास दुर्गंध और संक्रमण का खतरा निरंतर बढ़ रहा है। भोजन की तलाश में भटकता गोवंश, इन सामग्रियों को खाकर बीमार पड़ रहा है। क्षेत्र के गौ रक्षकों व ग्रामीणों ने इस समस्या के स्थाई समाधान को लेकर कई बार अपनी बात नगरपालिका प्रशासन तक पहुंचाई है। लेकिन आज तक समाधान की दिशा में आगे नहीं बढ़ा जा सका है। गौ रक्षकों का कहना है कि इस यार्ड की वजह से गांव का पशुधन मर रहा है और लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। यार्ड में प्लास्टिक और जहरीले कचरे से बड़ी संख्या में गायों की मौत हो रही है। हमने अपनी ओर से प्राथमिक प्रयास किए हैं, लेकिन प्रशासन को स्थाई समाधान करवाना होगा। उन्होंने बताया कि गौ रक्षा के लिए मोहनदास महाराज के सान्निध्य में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया गया है। वही रविवार को कचरे की गाड़ी खाली करवाने को लेकर वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत व प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह के काफी समझाइश के बाद भी गौ रक्षक व ग्रामीण नहीं माने व पालिका की कचरे से भरी हुई गाड़ियों को गौ रक्षकों व ग्रामीणों ने वापस लौटाया।

:आम सूचना:-

सर्व साणारण सूचित हो की हमारे स्वामित्व का प्लाट न.B-72,त्रिवेणी नगर गौपालपुरा जयपुर, उक्त प्लाट बिकाऊ नही है,अगर कोई भी व्यक्ति,संस्था या दिगर व्यक्ति इस प्लाट को क्रय या विक्रय करता है, तो स्वयं जिम्मेदार होगा! 9001577631
विनोद कवंर पत्नी हिम्मत सिंह
मरुधर कवंर पत्नी श्रवण सिंह

आम सूचना मेरी अभिभाष्या मोहनी देवी गुप्ता पत्नि स्व. श्री घनश्याम लाल गुप्ता निवासी 2/383, सेक्टर-2, न्यू विद्याधर नगर, जयपुर के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरी अभिभाष्या का पुत्र सौरभ गुप्ता एवं उसकी पत्नि अन्तिमा जैन मेरी अभिभाष्या के कहने में नहीं है। ये दोनों आये दिन मेरी अभिभाष्या से अमर्यादित व्यवहार, गाली-गलौच लड़ाई-झगड़ा करते है जो अब मेरी अभिभाष्या के लिये असहनीय हो गया है एवं उनकी इन्ही हरकतों एवं दुर्व्यहार से परेशान होकर मेरी अभिभाष्या ने अपने पुत्र सौरभ गुप्ता व पुत्रवधु अन्तिमा जैन से सभी सम्बन्ध समाप्त करते हुये उनको अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के पश्चात मेरी अभिभाष्या का उक्त पुत्र एवं पुत्रवधु से कोई लेना-देना व सरोकार नहीं रह गया है, उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिये मेरी अभिभाष्या जिम्मेदार नहीं होगी, कोई भी व्यक्ति इनसे संव्यवहार करता है तो वह अपनी रिस्क पर करेगा, सूचित रहें।
दिनांक-18.08.2025 (अरविन्द सिंह बैस), एडवोकेट मो.नं. 9636419170

आम सूचना

मेरा अभिभाष्य नासिर खान पुत्र श्री फकीर मोहम्मद निवासी- प्लांट सं. 277, केसर वाटिका, खो-नागोरियान, जगतपुरा, जयपुर में रहता है। मेरे अभिभाष्य ने आप प्रेषिति शंकर लाल यादव पुत्र श्री लादूराम यादव निवासी- लड़ी वालो की बगीची, आगरा रोड़, घाटगेट, जयपुर, राज. को वर्ष 2005-06 में मेरे अभिभाष्य द्वारा विकसित सोसायटी मित्र गृह निर्माण समिति लि. जो कि ग्राम खेरवाल, जिला दौसा में स्थित प्लॉट जिसका कुल क्षेत्रफल 1000 वर्गगज एवं वर्ष 2007 में फिजा नगर (नांगल बैरसी मेन रोड) में स्थित 3500 वर्गगज जमीन 200/- रु वर्गगज के हिसाब से एवं सुमेर नगर, खैरवाल दौसा में निर्मित नागरिक गृह निर्माण सहकारी समिति में स्थित 1000 वर्गगज जमीन 400/-रु वर्गगज का बेचान किया गया था। जिसे मेरे अभिभाष्य ने आप प्रेषिति से वर्ष 2010 में उपरोक्त 3500 वर्गगज जमीन पुनः 450/- रूपये प्रति वर्गगज व उपरोक्त वर्णित नागरिक गृह निर्माण सहकारी समिति में स्थित 1000 वर्गगज जमीन 1000/- रूपये प्रति वर्गगज के अनुसार एवं उपरोक्त वर्णित मित्र गृह निर्माण समिति लि. में स्थित 1000 वर्गगज जमीन 6,00,000/- रूपये में क्रय कर ली थी। जिसके संबंध में मेरे अभिभाष्य द्वारा कुल 40,75,000/- रूपये दिनेश कुमार व आप प्रेषिति के बड़े पुत्र के हस्ते को पूर्णत: अदा कर दिये गये है, जिसकी मेरे अभिभाष्य के पास रिकॉर्डिंग मौजूद है, साथ ही 6,00,000/- रूपये के ऐवज में केसर वाटिका, जगतपुरा, खो- नागोरियान में स्थित प्लाट संख्या 246-247 में से एक प्लॉट आप प्रेषिति के कहे अनुसार अदा कर दिया गया था। इसके पश्चात् मेरा अभिभाष्य आज दिन तक उक्त समस्त जमीन पर काबिज चला आ रहा है। परंतु पूर्व में मेरे अभिभाष्य द्वारा आप प्रेषिति, आपके रिश्तेदार संजय कुमार यादव, अन्य परिवारजनों व आपके स्टाफ के व्यक्तियों के नाम से उपरोक्त वर्णित समस्त जमीन के दिये हुए पट्टे/ दस्तावेज आज दिन तक आप प्रेषिति ने मेरे अभिभाष्य को नहीं लौटाये है। पूर्व में मेरे अभिभाष्य द्वारा आप प्रेषिति व उपरोक्त वर्णित अन्य परिचित व्यक्तियों के नाम से जारी किये गये समस्त पट्टे/ दस्तावेज निरस्त माने जायेंगे। यदि आप प्रेषिति द्वारा उक्त पट्टे/ दस्तावेज को किसी अन्य व्यक्ति, फर्म, संस्थान व कंपनी के साथ किसी भी प्रकार का कोई सौदा एवं संव्यवहार किया जाता है तो उसे शुनिकरण माना जायेगा तथा समस्त पट्टे/ दस्तावेज का दुरुपयोग करना निषेध है। सूचित रहे।
भवदीय- (अनिल मोहता) एडवोकेट, मो.नं. 9314021355

नाम परिवर्तन

मैं आर्मी नं.15712897A रैंक LNK सत्यवीर सिंह तोमर निवासी ग्राम नावली, पोस्ट-लाल जीत का पुरा, तहसील-अम्बाह, जिला-मुरैना, मध्य प्रदेश ने भविष्य के लिए अपने सर्विस रिकार्ड में अपनी पत्नी का नाम सरोज तोमर से बदलकर सरोज कर दिया है।

मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम Anushka है और पिता का नाम Deepak Choudhary और माता का नाम Sunita Choudhary गलत दर्ज है। मेरा सही नाम Anushka Jhajhria है, पिता का नाम Deepak Chaudhary और माता का नाम Sunita Chaudhary है। पता 66-ए, आनंद नगर, सिरसी रोड, जयपुर

मैं सविता एच जाधव पत्नी JC NO. 779019K रैंक Nb Sub जाधव हणमंत नामदेव निवासी पोसेवाडी, तालुका-खानापुर, जिल्हा-सांगली, महाराष्ट्र-415307 ने अपना नाम सविता एच जाधव से बदलकर संविता हणमंत जाधव कर लिया है शपथ पत्र दिनांक 25.06.2025 खानापूर विटा महाराष्ट्र

मैं आर्मी नं. 15712897A रैंक LNK सत्यवीर सिंह तोमर निवासी ग्राम नावली, पोस्ट-लाल जीत का पुरा, तहसील-अम्बाह, जिला-मुरैना, मध्य प्रदेश ने भविष्य के लिए अपने सर्विस रिकार्ड में अपनी माताजी का नाम उमा देवी से बदलकर उमा बाई और जन्मतिथि 06.07.1972 से बदलकर 01.01.1970 कर दिया है।

मैं वाहिदा बानो पत्नी मो. महमूद खान जाती कायमखानी निवासी मदीना मस्जिद वार्ड नं. 13 चूरू की हूँ यह कि मेरे पुत्र नुमेर खान (NUMER KHAN) का नाम स्कूल कक्षा 8 में भूलवंश नुमेर (NUMER) दर्ज करवा दिया था जो कि गलत है इसका सही नाम नुमेर खान (NUMER KHAN) है तथा स्कूल में यही नाम दर्ज करवाना चाहती हूँ। अब भविष्य में इसे नुमेर खान (NUMER KHAN) के नाम से जाना व पहचाना जावें। वाहिदा बानो

I ic/army no. 153663225H Ex Rect Anand Kumar Gour S/o Dungar singh gaur resident of plot no. 206 AK Gopalan Nagar Khatipura Jaipur that I want change my spouse/dependent name & DOB which is wrongly entered my service record from SAROJ GOURI (DOB 1 July 1970) To SAROJ GOUR (18.01.1969) vide affidavit dated 13 aug. 2025 before district sub majistrate Jaipur city north.

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त- प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक: 1675 **जाहिर आम-सूचना** दि. 17.04.25
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवासीय भूखण्ड संख्या 181/314 (HIG), (एरिया 269.70 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री आदित्य अग्निहोत्री पुत्र श्री एन.एल. अग्निहोत्री को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 14734 दिनांक 13.02.2014 संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 136 दिनांक 09.04.2014 एवं संशोधित आवंटन पत्र 1871 दिनांक 13.06.2014 को जारी किया गया। श्री आदित्य अग्निहोत्री के पक्ष में उक्त आवासीय भूखण्ड के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 29.05.2017 को उप पंजीयक- जयपुर- चतुर्थ के यहाँ पंजीकृत करवाये गये। श्री आदित्य अग्निहोत्री द्वारा श्री नितिन कुमार जैन पुत्र श्री विमल कुमार जैन को दिनांक 04.02.2022 को मुख्त्यारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्री नितिन कुमार जैन द्वारा मुख्त्यारनामा आम की हैसियत से उक्त आवासीय भूखण्ड उक्त वर्णित प्लाट में से उत्तरी हिस्सा प्लाट जिसकी माप पूर्व से पश्चिम में 12.40 मीटर तथा उत्तर से दक्षिण 7.258 मीटर कुल 90.00 मीटर को दिनांक 14.12.2023 के द्वारा श्री प्रभुनारायण शर्मा पुत्र श्री सी. आर. शर्मा को विक्रय कर उप पंजीयक- चतुर्थ, जयपुर के यहां विक्रय पत्र पंजीकृत करवाया गया। श्री प्रभुनारायण शर्मा द्वारा आवासीय भूखण्ड स. 181/314 क्षेत्रफल 90.00 वर्गमीटर का पंजीकृत क्रय करने पर इनके द्वारा उक्त आवासीय भूखण्ड का उप विभाजन हेतु आवेदन करने पर मुख्य नगर नियोजक महोदय के उप विभाजन आदेश क्रमांक 15 दिनांक 08.04.2024 द्वारा उक्त आवास को तीन भागो में विभाजित कर तीसरा भाग आवासीय भूखण्ड स. 181/314 (उत्तरी) भाग साईज एवं क्षेत्रफल 7.25X12.40= 89.90 वर्ग मीटर के रूप में उप विभाजित किया गया। श्री प्रभुनारायण शर्मा द्वारा आवासीय भूखण्ड स. 181/314 में से उत्तरी हिस्सा प्लाट जिसकी नाम पूर्व से पश्चिम 12.40 वर्ग मीटर तथा उत्तर से दक्षिण 7.258 मीटर कुल क्षेत्रफल 90.00 वर्गमीटर को पंजीकृत विक्रय दिनांक 06.09.2024 को श्री हरिश गेरा पुत्र श्री राम किशन गेरा के पक्ष में किया गया है। अतः उक्त आवासीय भूखण्ड के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/ पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्री हरीश गेरा पुत्र श्री राम किशन गेरा का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जायेगा। सम्पदा प्रबन्धक वृत्त- प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

आम सूचना दि. 18.08.2025
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री पुनेंदु सिंह पुत्र स्व. श्री यशवीर सिंह, निवासी फ्लेट नं. सी- 912, फ्लोर- 9, शुभ आंगन पुष्प, सी-ब्लॉक, वाटिका, जयपुर- 303905 (राज.) स्वयं की माताजी श्रीमती शकुन्तला पत्नी स्व. श्री यशवीर सिंह के स्वामित्व की अचल सम्पत्ति आवासीय यूनिट/ फ्लेट नं. C-901, 9th फ्लोर, सी-ब्लॉक, शुभ आंगन पुष्प, प्लाट नम्बर GH-4, पदम वाटिका, ग्राम वाटिका, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर (राज.) जिसका कुल सुपर बिल्टअप एरिया 354 वर्गफीट है जिसे मेरे मुवक्किल एवं मेरे मुवक्किल के पुत्र श्री हिमांशु त्यागी पुत्र श्री पूर्नांदु सिंह त्यागी तथा मेरे मुवक्किल की माताजी श्रीमती शकुन्तला पत्नी स्व. श्री यशवीर सिंह ने एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (बैंक में विलय से पूर्व नाम एच.डी.एफ.सी. लिमिटेड) में बंधक रखकर ऋण प्राप्त किया हुआ था जिसका ऋण खाता संख्या 627147534 है, मेरे मुवक्किल की माताजी श्रीमती शकुन्तला पत्नी स्व. श्री यशवीर सिंह का स्वर्गवास 24.12.2022 को हो चुका है तथा मेरे मुवक्किल के पिताजी श्री यशवीर सिंह पुत्र श्री खचेडू सिंह का स्वर्गवास दिनांक 23.03.2022 को हो चुका है, उक्त श्रीमती शकुन्तला पत्नी स्व. श्री यशवीर सिंह के हिन्दू उत्तराधिकारी अधिनियम के तहत प्रथम श्रेणी के उत्तराधिकारी एवं वारिसान में मेरे मुवक्किल श्री पुनेंदु सिंह पुत्र स्व. श्री यशवीर सिंह, श्री संजय कुमार पुत्र स्व. श्री यशवीर सिंह, श्रीमती अलका पत्नी श्री अशोक कुमार पुत्री स्व. श्री यशवीर सिंह तथा श्रीमती प्रीति पत्नी श्री संजीव कुमार पुत्री स्व. श्री यशवीर सिंह है, इनके अलावा स्वर्गीय श्रीमती शकुन्तला पत्नी स्व. श्री यशवीर सिंह का कोई विधिक उत्तराधिकारी अथवा वारिसान नहीं है, चूंकि मेरे मुवक्किल एवं मेरे मुवक्किल के पुत्र श्री हिमांशु त्यागी पुत्र श्री पूर्नांदु सिंह त्यागी तथा मेरे मुवक्किल की माताजी श्रीमती शकुन्तला पत्नी स्व. श्री यशवीर सिंह के द्वारा लिए गए समस्त ऋण की अदायगी एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (बैंक में विलय से पूर्व नाम एच.डी.एफ.सी. लिमिटेड) को की जा चुकी है इसलिए मेरे मुवक्किल स्वयं की माताजी अर्थात उक्त श्रीमती शकुन्तला पत्नी स्व. श्री यशवीर सिंह के स्वामित्व की उक्त अचल सम्पत्ति के समस्त मूल दस्तावेज एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (बैंक मे विलय से पूर्व नाम एच.डी.एफ.सी. लिमिटेड) सी- 25, भगवान दास रोड़, सेन्ट जेवियर स्कूल के सामने, सी-स्कीम, जयपुर-302001 (राज.) से प्राप्त करना चाहते है, इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति अथवा बैंक इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति या आक्षेप हो तो मय सबूत सात दिन की अवधि में अधोहस्ताक्षरकर्ता को लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें, अवधि समाप्ति के पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरी मुवक्किल के विरुद्ध शून्य व बेअसर मानी जावेगी।
(श्याम सुन्दर चावला) एडवोकेट, 6/48, मालवीय नगर, जयपुर-302017, मो.9829218044

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 04/2025
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम श्रीमति अंजू अग्रवाल पत्नि स्व. दिनेश कुमार अग्रवाल जाति महाजन विवाद स्थान प्लाट नं. 45, राधा-बाग कॉलोनी, चौमूं
मृतक स्व. दिनेश कुमार अग्रवाल की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 12.09.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम स्व. दिनेश कुमार अग्रवाल पुत्र राधेश्याम अग्रवाल जाति महाजन निवासी प्लाट नं. 45, राधा-बाग कॉलोनी, चौमूं का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 12 माह 09 सन् 2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 13 माह 08 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
मोहर अदालत
आज्ञा से
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम-10, जयपुर महानगर द्वितीय मुख्यालय-चौमूं

कार्यालय नगर निगम, भरतपुर
क्रमांक : न.नि.भ./नियमन/2025-26/ **सार्वजनिक सूचना** दिनांक : ....

योजना विजय नगर, जसवन्त नगर फेज-2, भरतपुर में आवासीय भूखण्ड संख्या 304 क्षेत्रफल 133.73 वर्गगज आराजी खसरा नम्बर 14 रकवा 0.20 एयर में 3/4 हिस्सा में से 1/11 हिस्सा वाके ग्राम श्रीनगर कस्बा भरतपुर में स्थित है। श्री पूरन पुत्र श्री सम्पत जाति जाटव निवासी-नगला हीरादास, भरतपुर ने उक्त भूखण्ड जरिये रजिस्टर्ड वयनामा दिनांक 27.10.1987 के द्वारा श्री खैमचन्द पुत्र श्री भगवानदास जाति खटीक निवासी मथुरागेट अन्दर, भरतपुर को विक्रय कर दिया। श्री खैमचन्द पुत्र श्री भगवानदास ने उक्त भूखण्ड का मुख्त्यारआम श्री दौलत सिंह पुत्र श्री रामस्वरूप को कर दिया। श्री दौलत सिंह पुत्र श्री रामस्वरूप वाहैसियत मुख्त्यारआम श्री खैमचन्द पुत्र श्री भगवानदास ने जरिये अपंजीकृत इकरारनामा दिनांक 27.06.1997 के द्वारा श्रीमती विमला देवी पत्नी श्री प्रकाश चन्द जाति जाटव निवासी ग्राम दाहिना गांव तह० रूपवास, जिला भरतपुर को विक्रय कर दिया। आवेदिका श्रीमती विमला देवी पत्नी श्री प्रकाश चन्द जाति जाटव निवासी ग्राम दाहिना गांव तह० रूपवास, जिला भरतपुर द्वारा उक्त कृषि भूखण्ड का आवासीय रूपान्तरण पट्टा जारी कराने हेतु आवेदन पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत किया है। उक्त भूखण्ड का आवासीय रूपान्तरण पट्टा जारी करने की कार्यवाही इस कार्यालय द्वारा की जानी है।

इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर अवधि सात दिवस में कार्यालय नगर निगम, भरतपुर में अपनी आपत्ति दर्ज करावें अन्यथा गुजरने म्याद हाल आराजी खसरा नम्बर 14 वाके चक ग्राम श्री नगर कस्बा भरतपुर योजना विजय नगर, जसवन्त नगर फेज-2 भरतपुर भूखण्ड संख्या 304 का आवासीय रूपान्तरण पट्टा जारी करने की कार्यवाही कर दी जावेगी एवं कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

सचिव, नगर निगम, भरतपुर

नगर निगम ग्रेटर जयपुर
(नन्दपुरी रेल्वे अण्डरपास के पास, जगतपुरा, जयपुर)
क्रमांक :– जसअ / 2025 / 172 दिनांकः 14.08.2025

ई-निविदा सूचना संख्या – 54 से 56/2025-26

केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत उपर्युक्त श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम ग्रेटर, जयपुर के पंजीकृत निविदाताओं से अधिशाषी अभियन्ता जगतपुरा जोन से संबंधित विकास कार्यो हेतु निविदाए आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित लागत टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम ग्रेटर, जयपुर की वेबसाईट www.jaipurmc.org.com व राजस्थान सरकार के पोर्टल http://sppp.raj.nic.in तथा http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व ड़ाउनलोड़ की जा सकती है। उक्त निविदाओं को (sppp.rajasthan.gov.in) पोर्टल पर अपलोड करवा दिया गया है।
UBN NO:- JMC2526WSOB01186 to JMC2526WSOB01188
अधिशाषी अभियन्ता
जगतपुरा जोन
राज.संवाद / सी / 25 / 8324 नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

नगर निगम ग्रेटर जयपुर
(सांगानेर स्टेडियम वाली रोड, गर्ल्स स्कूल के पास, सांगानेर जयपुर)
E-mail :- eesanganerzone01@gmail.com
क्रमांक :– जसअ / 2025 / 170 दिनांकः 14.08.2025

निविदा सूचना संख्या 58-60/2025-26

केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत संवेदकों एवं नगर निगम ग्रेटर जयपुर के पंजीकृत निविदादाताओं से बिड अधि. अभि. (सांगानेर जोन) से संबंधित विकास कार्य की निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://sppp.raj.nic.in & www.jaipurmc.org पर देखी जा सकती है। स्टेट पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल का Unique Bid Number JMC2526WSOB01183 से JMC2526WSOB001185 है।
अधिशाषी अभियंता
सांगानेर जोन
राज.संवाद / सी / 25 / 8325 नगर निगम जयपुर ग्रेटर